## खास-खबरें

### नशे की हालत व तेज गति से वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्रवाई

**सीहोर।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग और नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी सूबेदार ब्रजमोहन धाकड़ के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही निरंतर जारी है। यातायात पुलिस की वाहन चेकिंग के दौरान ट्रक के चालक से दस्तावेज चेक करने पर वाहन चालक के मुंह से शराब जैसी बदबू आ रही थी जिसको ब्रीथ एनालाइजर द्वारा चेक किया गया जिसमें चालक द्वारा शराब पीने की पुष्टि हुई, चालक का जिला चिकित्सालय में मेडिकल परीक्षण कराया गया एवं मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 में कार्रवाई की, जिसका प्रकरण तैयार कर माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। हाईवे पर तेज गति से चलने वाले कुल सात वाहनों पर इंटरसेप्टर वाहन के माध्यम से चालानी कार्रवाई की गई।

### प्रेस क्लब का स्नेह सम्मेलन आज

**गंजबासौदा।** नए वर्ष की बेला में प्रेस क्लब गंजबासौदा ने पत्रकार साथियों का स्नेह सम्मेलन आयोजित किया है आयोजित कार्यक्रम क्लब पार्क के परिसर में संपन्न होगा प्रेस क्लब के अध्यक्ष नितेश नायक ने पत्रकार साथियों को आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

### रासेयो छात्र जीवन में व्यक्तित्व निर्माण का मूल आधार




सीहोर। शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने महाविद्यालय में नव प्रवेशित छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना में छात्र जीवन से रासेयो स्वयंसेवक बनने के लिए महाविद्यालय में रासेयों के नवस्वयंसेवकों हेतु अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन डॉ.राजेश बकोरिया पूर्व जिला संगठन राष्ट्रीय सेवा योजना सीहोर के मुख्य अतिथि एवं रासेयों राष्ट्र स्तरीय शिविरार्थी श्री सत्य सांई प्रोद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय सीहोर सहायक प्राध्यापक श्री आशीष मेवाड़ा को मुख्य वक्ता एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गणेश लाल जैन की अध्यक्षता में संपन्न किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में आए श्री आशीष मेवाड़ा ने राष्ट्रीय सेवा योजना की मूल भावना से छात्राओं को परिचित कराते हुए कहा कि यह योजना व्यक्ति को नवाचारों से जोड़ती हुई समाज को नवनिर्माण की दिशा की ओर ले जाती है।

# पिछले साल उज्जैन में 365 दिन में घटी आग की 284 घटनाएं

## प्रत्येक 5 दिनों में आग लगने की 4 सूचनाएं फायर ब्रिगेड में पहुंची- महाकाल मंदिर, ट्रेंचिंग ग्राउंड और पटाखा दुकानों में लगी आग की घटनाएं सुर्खियों में रही

**उज्जैन।**




साल 2024 गुजर चुका है और नया वर्ष 2025 आरंभ हो गया है। पिछले वर्ष आग लगने की घटनाओं के कारण धार्मिक शहर उज्जैन काफी सुर्खियों में रहा। फायर ब्रिगेड कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गत वर्ष 1 जनवरी से 31 दिसंबर तक विभाग को उज्जैन तथा आसपास आग लगने की 284 घटनाओं की सूचना मिली। इस पर विभाग द्वारा तत्काल कार्रवाई की गई और घटना स्थल पर जाकर आग बुझाई गई। गत वर्ष लगभग आधा दर्जन आगजनी की घटनाएं ऐसी भी हुई है, जो आज भी चर्चा का विषय बनी हुई हैं।

फायर अधिकारी एवं ईई एलपी साहू ने बताया कि शहर तथा आसपास आग लगने की घटनाओं पर तत्काल काबू पाने के लिए विभाग का अमला 24 घंटे अलर्ट रहता है। फायर ब्रिगेड में आग पर काबू पाने के लिए वर्तमान में 13 वाहन हमेशा अलर्ट रखे जा रहे हैं। इनके संचालन के लिए 20 ड्रायवर की 3 शिफ्टों में रूटिन ड्यूटी 24 घंटे रहती है। सभी कर्मचारी आग बुझाने में निपुण है और ट्रेनिंग प्राप्त है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में 1 जनवरी से लेकर 31 दिसंबर तक की अवधि में आग लगने की विभाग को कुल 284 सूचनाएं प्राप्त हुई थी। जिन पर जानकारी लगते ही एक्शन किया गया और मौके पर जाकर आग बुझाई गई। उन्होंने यह भी बताया कि उपरोक्त 284 घटनाओं में आग लगने की बड़ी घटनाओं में महाकाल, अंबोदिया स्थित वाटर प्लांट के समीप आग, तीन बत्ती चौराहे पर इलेक्ट्रानिक दुकान में आग, सामाजिक न्याय परिसर में पटाखा दुकानों में आग, ट्रेंचिंग ग्राउंड में लगी आग की घटनाएं बड़ी थी। जिन पर काबू पाने के लिए विभाग के कई कर्मचारी और वाहन लगाने पड़े थे। इधर फायर ब्रिगेड कार्यालय से मिले आंकड़ों पर गौर किया जाए तो पिछले साल हर पांच दिन में आग लगने की चार घटनाएं हुई है।

**धूं-धूं कर जल गए थे, लाखों रुपए के पाइप:** 28 नवंबर 2024 को जिले के ग्राम अंबोदिया में स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के पास भीषण आग लग गई थी। जिसमें 2016 में हुए सिंहस्थ महापर्व के दौरान इस्तेमाल में आए लाखों रूपए के पाइपों में अचानक आग लग गई थी और पूरे इलाके में हडकंप मच गया था। ग्रामीणों ने तत्काल फायर ब्रिगेड और पीएचई विभाग को सूचित किया था। घटनास्थल पर फायर ब्रिगेड की 6 गाडियों ने पहुंचकर मशक्कत के बाद आग बुझाई थी। पाइपों का प्लास्टिक मटेरियल आग की लपटों को तेजी से फैला रहा था, जिससे आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। लेकिन आग के कारण क्षेत्र में काफी धुआं और लपटें उठने से ग्रामीणों को असुविधा का सामना करना पड़ा था।

**इलेक्ट्रॉनिक दुकान में लगी आग पांच गाड़ियों से बुझी थी:** 15 मई 2024 को शाम लगभग पांच से 5ः15 बजे के बीच तीन बत्ती चौराहा स्थित टिल्लू इलेक्ट्रॉनिक्स की तीन मंजिला दुकान में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई थी। इस आगजनी के कारण दुकान की ऊपरी दो मंजिलों में रखे इलेक्ट्रॉनिक सामान में आग पकड़ ली, जिसके कारण भीषण आग कुछ ऐसी फैली की यहां खड़े लोग सहम गए थे। आगजनी की जानकारी लगने के बाद क्षेत्र की लाइट बंद करवाई गई थी और फायर फाइटर के माध्यम से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरु किया गया था। भीषण आग पर काबू पाने के लिए पांच फायर बिग्रेड को बुलाया गया। जबकि दो फायर फाइटर भी घटनास्थल पर पहुंचे थे, जिन्होंने भी यहां लगी आग पर काबू पाने का प्रयास किया था।

**आग की लपटों के बीच आधी रात को होते रहे धमाके:** 10 नवंबर 2024 की रात करीब दो बजे आगर रोड स्थित सामाजिक न्याय परिसर में लगी पटाखा दुकानों में आग लग गई थी। आग की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर तत्काल काबू पाने के प्रयास शुरु कर दिए थे। लेकिन तब तक दो पटाखा दुकानें और एक बाइक जलकर खाक हो चुकी थी। दीवाली के बाद छोटी दिवाली पर यह दुकाने लगी हुई थी। देर रात दुकानों में आग लग गई थी। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया था। आग के कारण दुकानों में रखे पटाखे भी कुछ देर तक फूटते रहे और आसपास के लोग सहम गए थे।

**एक सप्ताह तक जलता रहा लाखों टन कचरा:** ट्रेचिंग ग्राउंड में 3 अप्रैल 2024 की रात लगी आग लगातार 7 दिनों तक सुलगती रही। नगर निगम की दमकल की टीम आग बुझाने में लगी हुई थी। आग तो बुझ गई है, लेकिन आग के बाद उठ रहे धुएं से आसपास के करीब एक दर्जन कॉलोनियों में रहने वाले 5 हजार से अधिक लोगों की समस्या बन गई थी। इस क्षेत्र से उठने वाला धुंवा बुजुर्ग, बच्चों और महिलाओं पर असर कर रहा था। खास तौर से उन पर जो दमे या सांस की बीमारी से पहले से ही ग्रसित हैं। आग लगने का कारण खेतों में पराली जलाई जाना बताया जा गया था। यहां लाखों टन कचरा लगातार 7 दिन तक जलता रहा।

### 14 लोग झुलस गए थे,महाकाल में लगी आग में

24 मार्च को होली के दिन महाकाल मंदिर में बड़ा हादसा हो गया था। इस दिन भस्म आरती के दौरान अचानक गर्भगृह में आग लग गई थी। आगजनी में करीब 14 पुजारी और सेवक झुलस गए थे। सभी घायलों को जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया था। जहां 9 की हालत गंभीर होने पर उन्हें इंदौर रेफर किया गया था। उपचार के दौरान इंदौर में एक सेवक की मौत भी हो गई थी। घटना वाले दिन आग करीब सुबह 5ः 45 बजे लगी थी। उस दिन सूचना मिलने पर नगर निगम की दमकल पहुंची थी और मंदिर में लगे फायर सिस्टम की मदद से भी आग पर काबू पाया गया था। घटना की जांच के आदेश कलेक्टर ने दिए थे। मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने भी इस हादसे पर संवेदना व्यक्त की थी।

## मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज विदिशा जिले में

**विदिशा(निप्र)।**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज शनिवार 4 जनवरी की दोपहर 12.30 बजे स्टेट हैंगर भोपाल से प्रस्थान कर विदिशा जिले के लटेरी में बनाए गए हेलीपैड पर पहुंचेंगे। 131.9751 करोड़ रू. के कार्यों का भूमि पूजन, लोकार्पण करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव लटेरी में आयोजित कार्यक्रम में सिरोंज-लटेरी विधानसभा क्षेत्र को करोड़ों की सौगात देंगें। वे विभिन्न विभागों के 131.9751 करोड़ के कार्यों का भूमि पूजन, लोकार्पण एवं हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे। उनमें नगर पालिका परिषद के 20.6217 करोड़, जनपद पंचायत के 6.6352 करोड़, स्वास्थ्य विभाग के 9.4179 करोड़, पीएमजेएसवाय के 7.0311 करोड़, लोक निर्माण विभाग के 24.8112 करोड़, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के 15.7288 करोड़, शिक्षा विभाग के 38.8000 करोड़, राजस्व विभाग के 7.3200 करोड़, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 1.1604 करोड़ और महिला एवं बाल विकास विभाग के 0.4488 करोड़ की लागत के कार्य शामिल हैं।

**प्रभारी मंत्री ने व्यवस्थाओं की समीक्षा की:** पशुपालन एवं डेयरी (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने लटेरी में मुख्यमंत्री के प्रवास के मद्देनजर व्यवस्थाओं का भ्रमण कर समीक्षा की। इस अवसर पर सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा ने प्रभारी मंत्री के साथ कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे, बासौदा विधायक हरिसिंह रघुवंशी, शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा और विदिशा विधायक मुकेश टण्डन समेत अन्य जनप्रतिनिधियों का स्वागत सत्कार करते हुए आयोजन के उद्देश्यो व व्यवस्थाओं पर प्रकाश डाला।

### अतिक्रमण हटाकर विमुक्त भूमि की गौ-शाला से लिंक

**विदिशा (निप्र)।** सिरोंज एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि सिरोंज तहसील के ग्राम महुआखेडा कुलुआ में सर्वे नम्बर 151 पर रकवा 6.032 हेक्टेयर भूमि से अतिक्रमण हटाया गया है। शासकीय चरनोई भूमि पर से कब्जा हटाने के उपरांत उक्त भूमि को गौ-शाला के लिए लिंक करने की कार्यवाही कर ग्राम पंचायत के सुर्पुद की गई है।

**वन मण्डलाधिकारी ने कार्यभार ग्रहण किया**

विदिशा (निप्र)। नवागत वन मण्डलाधिकारी हेमंत यादव ने अपना कार्यभार ग्रहण किया है। उनसे मोबाइल नम्बर 9424790950 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## निरंकार को हर कार्य में सम्मिलित कर आध्यात्मिक जागृति और सच्ची खुशी का विस्तार संभवः सुदीक्षा

जबलपुर। निरंकार को हर कार्य में सम्मिलित कर आध्यात्मिक जागृति और सच्ची खुशी का विस्तार संभव है। यह प्रेरणादायक वचन निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज द्वारा नववर्ष के शुभ अवसर पर दिल्ली स्थित ग्राउंड नम्बर 8, निरंकारी चैक, बुराड़ी रोड में आयोजित विशेष सत्संग समारोह में व्यक्त किए गये। विभिन्न क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुगण सम्मिलित हुए।

उक्त नववर्ष के विशेष सत्संग समारोह में ओनलाइन तकनीक का सहारा लेते हुए देश के कोने-कोने जिसमें जबलपुर व जबलपुर जोन की ब्रांचों के सभी भक्तों ने नववर्ष के प्रथम दिन सतगुरू माता जी एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन व दिव्य प्रेरणादायक प्रवचनों को श्रवण कर आत्मिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का सुखद आनंद प्राप्त किया।

सतगुरु माता जी ने अपने सम्बोधन में फरमाया कि नववर्ष केवल 2024 से 2025 का नम्बर परिवर्तन है। वास्तविकता में यह केवल इंसानी मस्तिष्क की बनाई गई अवधारणा है। निरंकार ने समय और सृष्टि को बनाया है, जिसमें अलग-अलग ग्रहों पर समय की अलग अवधारणा होती है इसलिए, नये वर्ष का अर्थ है हर क्षण को सार्थक बनाना।

सच्ची खुशी और आनंद केवल निरंकार में समाहित है। इस नये वर्ष में हमें अपने जीवन को ऐसा बनाना है कि हम हर व्यक्ति तक इस सच्चाई को पहुंचा सकें।

हमें अपने जीवन को इस तरह ढालना है कि हर पल, हर कार्य में निरंकार की महत्ता को समझ सकें। सेवा, सुमिरण और संगत का वास्तविक अर्थ तभी प्रकट होगा, जब हम इसे दिल से अपनाएंगे। केवल मित्रता या सामाजिक दबाव के कारण अपनी आध्यात्मिकता में परिवर्तन नहीं करना चाहिए। सच्चे मन और जागरूकता से ही हम अपने जीवन को निरंकार से जोड़ पाएंगे।

## संदीप रघुवंशी आमरण अनशन पर, विधायक सेलाना कमलेश्वर डोडिया तथा जयस संगठन का समर्थन

पीथमपुर। निर्दलीय विधायक कमलेश्वर डोडिया ने आंदोलन स्थल पर पहुंचकर संदीप रघुवंशी के आमरण अनशन का समर्थन किया। आदिवासी जय संगठन के कई पदाधिकारी ने भी संदीप रघुवंशी के आंदोलन में आमरण अनशन की बात कही धरना स्थल पर बैठे।

विधायक ने कहा कि सरकार राम की यूनियन कार्बाइड के पक्ष में कार्य कर रही है जनता को गुमराह किया जा रहा है यदि कचरा खतरनाक नहीं है तो भोपाल की 50 से ज्यादा कॉलोनी जो में पेयजल प्रदूषित पानी पाया गया है । भोपाल में क्यों विकलांग बच्चे पैदा हो रहे हैं? कई तरह की बीमारियों से क्यों ग्रस्त हैं। यदि कचरा खतरनाक नहीं है तो फिर उसे कंटेनर में भरवाने के लिए मजदूरों को सिर्फ 30 मिनट तक ही काम करने क्यों दिया गया क्या 31 मिनट में उनकी मौत हो सकती थी ?

केंद्रीय प्रदूषण विभाग तथा मध्य प्रदेश प्रदूषण विभाग और भाजपा प्रशासन पीतमपुर के नागरिकों को गुमराह कर रहे हैं। सन 2015 में 10 टन कचरा पीतमपुर में जलकर ट्रायल किया गया था जिसके कारण 8 किलोमीटर तक क्षेत्र में पेयजल प्रदूषण हुआ है तथा फसलों को नुकसान हुआ है सरकार तथ्य को क्यों छुपा रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर के समय भी पीतमपुर के कचरा जलाने का मामला सामने आया था परंतु प्रदूषण के कारण निरस्त कर दिया गया।


क्या कारण है कि गुजरात सरकार ने गुजरात में कचरा जिला ने की अनुमति दी थी फिर बाद में विरोध होने के कारण मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने कचरा जलाने की अनुमति निरस्त की गुजरात में आम नागरिक मरना नहीं चाहिए परंतु मध्य प्रदेश में पीतमपुर इंदौर क्षेत्र के साथ ही पूरे मध्य प्रदेश में प्रभाव पड़ेगा।

### तीसरे दिन भी कोहराः महज 20 मीटर रही विजिबिलिटी

**सीहोर।** जिले में साल का तीसरा दिन शुक्रवार को कड़ाके की ठंड के साथ शुरू हुआ है। शुक्रवार सीजन का सबसे घना कोहरा रहा। जिसके चलते विजिबिलिटी महज 20 मीटर के लगभग दर्ज की गई है और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। साथ ही शीतलहर का असर भी जारी है। विजिबिलिटी काफी कम होने के कारण लोगों को दिन में भी हेडलाइट जलाकर वाहन चलाने को मजबूर होना पड़ा। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर दिशा से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज हुई है।

## सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन

**गंजबासौदा।** एन.एस.एस. के प्रत्येक स्वयं सेवक का सपना होता है कि वह कर्तव्य पथ की परेड का हिस्सा बने। अभी आप जो शिविर कर रहे है, यह नर्सरी की पढ़ाई जैसा है। मैं चाहती हूं कि जिला और प्रदेश स्तरीय शिविर के लिए सैण्ट एसआरएस स्कूल के स्वयं सेवक पंजीयन करें और जिस तरह मुझे यहां आकर अनुभव हो रहा है, उससे विश्वास है कि आप में से भी उच्च स्तरीय शिविर के योग्य साबित होंगे। बस पूरी लगन और ईमानदारी से स्वयं सेवक बनने का प्रयास जारी रखे। एक से अधिक विधाओं में पारंगत होने का प्रयास करते रहें।



यह बात सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के बौद्धिक सत्र में शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय की वरिष्ठ स्वयंसेविका सृष्टि तिवारी ने शिविर समापन अवसर पर स्वयंसेवकों को समझाते हुए कही।

शिविर के समापन अवसर पर संस्था की मार्ग दर्शक श्रीमती सुधा यादव ने स्वयं सेवकों को समझाया कि जीवन की सफलता लगातार संघर्ष का परिणाम होती है। हमें मानव जीवन मिला है तो हम श्रेष्ठ चिंतन, विचार और कर्म से इसे सार्थक कर सकते हैं।

समाजसेवी सुनील पिंगले ने स्वयंसेवकों से संवाद करते हुए एन एस एस और समाज सेवा विषय पर चर्चा की। संस्था प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सात दिवसीय शिविर का समापन हो रहा है लेकिन संस्कृति, समाज और देश के लिए हमारे कर्तव्यों का प्रारंभ हो रहा है।

बीती रात राष्ट्रीय सेवा योजना अन्तर्गत कैम्प फायर का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व शिक्षक दिव्यांश भावसार, संस्था डायरेक्टर केएस यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, कार्यक्रम अधिकारी कृष्णपाल सिंह चौहान, श्रीमती रजनी गुप्ता, प्रियंका अग्रवाल, दिनकर कद्रे के मार्ग दर्शन में सांस्कृतिक उत्सव सम्पन्न हुआ। इस दौरान स्वयं सेवकों ने अग्नि को साक्षी मानकर बुराईयों को जलाकर अच्छाइयों को घर ले जाने की शपथ ली।

# मंडी में किसानों की रैकी कर लूटने वाली गैंग गिरफ्तार

मंदसौर। कृषि उपज मंडी में फसल बेचने आने वाले किसानों की रैकी कर उन्हें लूटने वाली गैंग को मंदसौर पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने इस गैंग के पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस गैंग ने मंदसौर जिले के सुवासरा और नाहरगढ थाना क्षेत्र में लूट की घटनाओं को अंजाम दिया था। शुक्रवार को एसपी अभिषेक आनंद ने बताया कि मंडी में अपनी फसल को बेचकर जाने वाले किसानों से लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाली गिरोह पकड़ा है। आरोपित अपने महंगे शौक, मौज मस्ती की पूर्ति के लिये लूट करते थे।




एसपी श्री आनंद ने बताया कि थाना नाहरगढ में 24 दिसम्बर फरियादी किशोर पिता सीताराम पाटीदार निवासी सिरपोई थाना सुसनेर जिला आगर मालवा के व्दारा बताया कि फरियादी तथा उसका साथी राहुल पाटीदार के साथ स्वयं की लहसुन व मैथीदाना बेचने के लिये मन्दसौर नीमच मण्डी आये थे, फसल बेचने उपरांत जब अपने गांव सिरपोई जा रहे थे। तभी रुपणी चौपाटी पर एक बिना नम्बर की कार द्वारा ओव्हर टेक कर पीकअप को रोक कर उसमे सवार 04 व्यक्तियों द्वारा नगदी रुपये लुटकर ले गये थे। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना नाहरगढ पर अज्ञात व्यक्तियो के विरुध्द अपराध पंजीबध्द किया था।

इसी प्रकार थाना सुवासरा में 28 दिसम्बर को फरियादी राचरण उर्फ बबलू पुत्र बालचन्दजी राठौर निवासी बांड गांव थाना माचलपूर जिला राजगढ के व्दरा बताया कि फरियादी तथा उसका साथी भगवानसिंह पुत्र बालूसिंह सौ.राज. निवासी बांड गांव के साथ स्वयं की लहसुन बेचने के लिये मन्दसौर नीमच मण्डी विरमसिंह की पीकअप से अपने गांव से नीमच मन्दसौर मण्डी वाहन चालक प्रेम पिता भैरुलाल मालवीय को लेकर गये थे। लहसुन के बेचे हुए कुल 430000 रुपये लेकर खाली पीकअप वाहन में खल भरकर अपने घर मन्दसौर के रास्ते होते हुए सीतामउ सुवासरा रुनिजा होते हुए जा रहे थे कि रास्ते में भरपूर व हनुमंतिया के बीच अज्ञात चार व्यक्तियो के व्दारा पीकअप रुकवाकर फरियादी रामचरण व उसके साथ भगवानसिंह के पास रखे रुपये व मोबाईल लुटकर ले गये। एसपी ने बताया कि दोनों घटनाओं में समानता मिली हमने पुलिस अधिकारियों की टीम बनाकर जांच करवाई। थाना प्रभारी सुवासरा निरीक्षक कमलेश प्रजापति एवं थाना प्रभारी नाहरगढ निरीक्षक प्रभात गौड ने थाना स्तर पर प्रथक प्रथक टीमो का गठन किया गया।

प्रकरण मे यह बात सामने आयी कि एक नीले रंग की बलेनो कार में आये अज्ञात व्यक्तियो के व्दारा वारदात की गई दोनों घटनाओं में यह एक ही कार उपयुक्त हुई थी। कडी से कडी मिलाने पर पुलिस ने संदीप पिता राजाराम गुर्जर उम्र 18 वर्ष निवासी पचेटी थाना कानड जिला आगर मालवा, गोविन्द पिता रोडसिंह गुर्जर उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम कृपालपुर कोलिया थाना कानड जिला आगर, राहुल पिता कचरुलाल मालवीय उम्र 23 वर्ष निवासी शिवपहाडी कानड थाना कानड जिला आगर और संजय पिता देवीसिंह गुर्जर उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम कोहडिया थाना नलखेडा जिला आगर मालवा को गिरफतार किया गया।



## विजन 2047 के लिए सुझाव हेतु नगर परिषद के पार्षदों एवं नागरिकों की बैठक संपन्न

बरेली। मंगलवार को तहसील कार्यालय के सभागार में अनुविभागीय अधिकारी संतोष मुदगल ने विजन 2047 के लिए सुझाव हेतु नगर परिषद के पार्षदों एवं अन्य नागरिकों की बैठक आहुत की और बैठक में विकसित बरेली के संबंध में सुझाव मांगे। बरेली नगर परिषद उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत ने विजन 2047 के लिए अपनी ओर से लगभग 21 सुझाव दिए जिनमें मुख्य सब्जी एवं फ्रूट मार्केट के लिाए आवश्यक स्थान, बढ़ते हुए शहर में यातायात के लिए नया बस स्टेंड बनाया जाना, नए शॉपिंग काम्पलेक्स, नगर परिषद का उन्नयन कर नगर पालिका बनाना, नगर में स्टेडियम, पार्क, आटोटोरियम की व्यवस्था, नया सर्किट हाऊस, हाट बाजार, चौपाटी, घोघरा नदी पर स्टाफ डेम, नगर का सौंदर्यीकरण, नगर में गीता भवन का निर्माण, नगर सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, शासकीय सामुदायिक अस्पताल को 200 विस्तर का बनाना, ट्रामा सेंटर की स्थापना जैसे कई आवश्यक सुझाव दिए। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, एसडीएम, एसडीओपी, सीएमओ एवं समस्त पार्षदगण उपस्थित रहे।